**भारत सरकार**

**कोयला मंत्रालय**

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या : 1634**

**जिसका उत्तर 10 दिसंबर, 2025 को दिया जाना है**

**चालू कोयला खदान**

**1634. श्री राजकुमार रोतः**

क्या **कोयला** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) देश में अब तक आवंटित कोयला खदानों और वर्तमान में प्रचालनशील खदानों की राज्य-वार और कंपनी-वार संख्या कितनी है और इनका क्षेत्रफल कितना है;

(ख) इन खदानों के लिए आवंटित या अधिग्रहीत न की गई भूमि का राज्य-वार और खदान-वार प्रकार क्या है और इनका क्षेत्रफल कितना है;

(ग) कोयला खदान आवंटन के कारण अब तक विस्थापित हुए लोगों की राज्य-वार और खदान-वार संख्या कितनी है और उन्हें, विशेषकर विस्थापित जनजातीय व्यक्तियों को कितना मुआवजा दिया गया है;

(घ) क्या पाँचवी और छठी अनुसूची के अंतर्गत भूमि आवंटन से पहले पंचायत उपबंध (अनुसूचित क्षेत्रों पर विस्तार) (पेसा) अधिनियम के अंतर्गत ग्राम सभा की सहमति प्राप्त की गई है और यदि हाँ, तो विशेषकर छत्तीसगढ़ के हसदेव अरण्य के संबंध में तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ङ) वर्तमान में सरकारी और निजी क्षेत्र के स्वामित्व वाली कोयला खदानों की संख्या कितनी है और इन खदानों से उत्पादन और प्राप्त आय का खदान-वार ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**कोयला एवं खान मंत्री**

**(श्री जी. किशन रेड्डी)**

**(क) और (ख) :** कोयला मंत्रालय द्वारा कुल 213 कैप्टिव और वाणिज्यिक कोयला ब्लॉक आबंटित किए गए हैं जिनमें से 77 कोयला ब्लॉक प्रचालनरत हैं। उनके कुल क्षेत्र, राज्य और आवंटिती सहित प्रचालनरत खानों की सूची **अनुबंध-I** में संलग्न है।

भूमि का अधिग्रहण भूमि अधिग्रहण, पुनर्वास और पुनर्स्थापन में उचित मुआवजा और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम, 2013 (आरएफसीटीएलएआरआर अधिनियम, 2013), कोयला धारक क्षेत्र (सीबीए) अधिनियम, 1957 और संबंधित राज्य सरकारों के अन्य लागू कानूनों के अनुसार किया जाता है। वन भूमि का अंतरण सांविधिक वन स्वीकृति प्राप्त करने के बाद किया जाता है, जिसमें वन अधिकार अधिनियम, 2006 के अंतर्गत अधिकारों का निपटान, जहां भी लागू हो, भी शामिल है। खान योजना, सांविधिक अनुमोदन और राज्य-विशिष्ट कार्यान्वयन अनुसूचियों के अनुरूप अधिग्रहित या अधिग्रहण के अधीन भूमि क्षेत्र परिवर्तनशील और चरणबद्ध रूप से प्रगतिशील होता है।

**(ग) :** विस्थापन और मुआवजे की मात्रा परियोजना-विशिष्ट होती है और संयुक्त मापन और सत्यापन के माध्यम से राज्य और जिला स्तर पर निर्धारित की जाती है। जनजातीय व्यक्तियों के हितों की रक्षा के लिए, पंचायत (अनुसूचित क्षेत्रों तक विस्तार) अधिनियम (पेसा अधिनियम) ने अनुसूचित क्षेत्रों में भूमि अधिग्रहण के लिए एक अधिदेशित शर्त के रूप में ग्राम सभा से एनओसी सहमति प्राप्त करना अधिदेशित कर दिया है।

**(घ) :** जी, हां। अनुसूचित क्षेत्र में पंचायत विस्तार (पेसा) अधिनियम के प्रावधानों के तहत अनुसूचित क्षेत्रों में भूमि अधिग्रहण करने के लिए ग्राम सभा की सहमति एक पूर्व-आवश्यकता के रूप में प्राप्त की जा रही है। कोयला खनन के लिए वन भूमि के अपवर्तन हेतु अनुसूचित जनजाति और अन्य परंपरागत वन निवासी (वन अधिकारों की मान्यता) अधिनियम, 2006 के अंतर्गत अपेक्षित एफआरए प्रक्रिया अपनाई जा रही है। छत्तीसगढ़ में हसदेव अरण्य सहित अनुसूचित क्षेत्रों से संबंधित मामलों में, ग्राम सभा के संकल्पों और संबद्ध सांविधिक अनुपालनों को राज्य स्तर पर संचालित भूमि अधिग्रहण कार्यवाहियों और वन स्वीकृति प्रक्रिया में एकीकृत किया जाता है।

**(ङ) :** कोयला मंत्रालय द्वारा आवंटित 213 कैप्टिव और वाणिज्यिक कोयला ब्लॉकों में से, 137 कोयला ब्लॉक निजी क्षेत्र को और शेष 76 ब्लॉक सरकारी क्षेत्र को आवंटित किए गए हैं। 64 कोयला खानों ने अब तक कोयला उत्पादन शुरू कर दिया है। वित्त वर्ष 2024-25 के दौरान इन 64 कोयला खानों से प्राप्त खान-वार उत्पादन और अर्जित राजस्व का ब्यौरा **अनुबंध II** में दिया गया है।

****

**अनुबंध I**

**<u>कोयला मंत्रालय द्वारा आवंटित प्रचालनरत कोयला खानों की सूची</u>**

| **क्र.सं.** | **कोयला खान का नाम** | **राज्य** | **आवंटिती का नाम** | **सरकारी/निजी** | **कुल क्षेत्रफल (हेक्टेयर)** |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | चोटिया | छत्तीसगढ़ | भारत एल्युमिनियम कंपनी लिमिटेड (बाल्को) | सरकारी | 1180 |
| 2 | गारे पाल्मा IV/4 | छत्तीसगढ़ | हिंडाल्को इंडस्ट्रीज लिमिटेड | निजी | 683 |
| 3 | गारे पाल्मा सेक्टर II | छत्तीसगढ़ | महाजेनको | सरकारी | 2583 |
| 4 | गारे पाल्मा सेक्टर III | छत्तीसगढ़ | छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत उत्पादन कंपनी लिमिटेड (सीएसपीजीसीएल) | सरकारी | 708 |
| 5 | गारे पाल्मा IV/8 | छत्तीसगढ़ | अंबुजा सीमेंट्स लिमिटेड | निजी | 184 |
| 6 | परसा | छत्तीसगढ़ | राजस्थान राज्य विद्युत उत्पादन निगम लिमिटेड - (आरआरवीयूएनएल) | सरकारी | 1252 |
| 7-8 | परसा ईस्ट, कांता बसन | छत्तीसगढ़ | राजस्थान राज्य विद्युतु उत्पादन निगम लिमिटेड (आरआरवीयूएनएल) | सरकारी | 2683 |
| 9 | तलाईपल्ली | छत्तीसगढ़ | एनटीपीसी माइनिंग लिमिटेड (एनएमएल) | सरकारी | 2468 |
| 10 | गारे पाल्मा IV/1 | छत्तीसगढ़ | जिंदल पावर लिमिटेड | निजी | 835 |
| 11 | गारे पाल्मा IV/7 | छत्तीसगढ़ | सारदा एनर्जी एंड मिनरल्स लिमिटेड | निजी | 482 |
| 12 | भास्करपारा | छत्तीसगढ़ | प्रकाश इंडस्ट्रीज लिमिटेड | निजी | 932 |
| 13 | गारे पाल्मा IV/6 | छत्तीसगढ़ | जिंदल स्टील एंड पावर लिमिटेड | निजी | 381 |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 14-15 | गारे पाल्मा IV/2 और गारे पाल्मा IV/3 | छत्तीसगढ़ | जिंदल स्टील एंड पावर लिमिटेड | निजी | 965 |
| 16-17 | चट्टी बरियातु, चट्टी बरियातु दक्षिण | झारखंड | एनटीपीसी माइनिंग लिमिटेड (एनएमएल) | सरकारी | 719 |
| 18 | कठौतिया | झारखंड | हिंडाल्को इंडस्ट्रीज लिमिटेड | निजी | 688 |
| 19 | केरनदारी | झारखंड | एनटीपीसी माइनिंग लिमिटेड (एनएमएल) | सरकारी | 1010 |
| 20 | पचवारा सेंट्रल | झारखंड | पंजाब राज्य विद्युत निगम लिमिटेड (पीएसपीसीएल) | सरकारी | 1019 |
| 21 | पचवारा उत्तर | झारखंड | पश्चिम बंगाल पावर डेवलपमेंट कारपोरेशन लिमिटेड (डब्ल्यूबीपीडीसीएल) | सरकारी | 1218 |
| 22 | ट्यूब्ड | झारखंड | दामोदर घाटी निगम (डीवीसी) | सरकारी | 460 |
| 23-24 | कोतरे बसंतपुर और पचमो | झारखंड | सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड | सरकारी | 1012 |
| 25 | पचवारा दक्षिण | झारखंड | एनएलसी इंडिया लिमिटेड (एनएलसीआईएल) | सरकारी | 714 |
| 26 | ब्रह्मडीह | झारखंड | आंध्र प्रदेश खनिज विकास निगम लिमिटेड (एपीएमडीसीएल) | सरकारी | 136 |
| 27 | राजहरा उत्तर (पूर्वी और मध्य) | झारखंड | फेयरमाइन कार्बन प्राइवेट लिमिटेड | निजी | 109 |
| 28 | पकरी बरवाडीह | झारखंड | एनटीपीसी माइनिंग लिमिटेड (एनएमएल) | सरकारी | 4348 |
| 29 | तसरा | झारखंड | स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया | सरकारी | 860 |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | (सेल) | | |
| 30 | अमेलिया नॉर्थ | मध्य प्रदेश | जयप्रकाश पावर वेंचर्स लिमिटेड | निजी | 500 |
| 31-32 | मोहर और मोहर अमलोहड़ी | मध्य प्रदेश | ससन पावर लिमिटेड | निजी | 2037 |
| 33 | बिचारपुर | मध्य प्रदेश | अल्ट्राटेक सीमेंट लिमिटेड | निजी | 500 |
| 34 | सियाल घोगरी | मध्य प्रदेश | रिलायंस सीमेंट कंपनी प्राइवेट लिमिटेड (आरसीसीपीएल) | निजी | 429 |
| 35 | सुलियारी | मध्य प्रदेश | आंध्र प्रदेश खनिज विकास निगम लिमिटेड (एपीएमडीसीएल) | सरकारी | 1298 |
| 36 | अमेलिया | मध्य प्रदेश | टीएचडीसी | सरकारी | 1173 |
| 37 | धीरौली | मध्य प्रदेश | महान एनरेगेन लिमिटेड | निजी | 2671 |
| 38 | सहापुर पश्चिम | मध्य प्रदेश | सारदा एनर्जी एंड मिनरल्स लिमिटेड | निजी | 619 |
| 39 | उरतन | मध्य प्रदेश | जेएमएस माइनिंग प्रा. लिमिटेड | निजी | 379 |
| 40 | उरतन उत्तर | मध्य प्रदेश | जेएमएस माइनिंग प्रा. लिमिटेड | निजी | 475 |
| 41-42 | गोटितोरिया (पूर्व) एवं गोटितोरिया (पश्चिम) | मध्य प्रदेश | बॉल्डर स्टोन मार्ट प्राइवेट लिमिटेड | निजी | 112 |
| 43 | बंधा | मध्य प्रदेश | ईएमआईएल खान और खनिज संसाधन लिमिटेड | निजी | 1871 |
| 44 | मंडला उत्तर | मध्य प्रदेश | डालमिया सीमेंट (भारत) लिमिटेड | निजी | 1041 |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 45-50 | बारंज I, बारंज II, बारंज III, बारंज IV, मनोरा दीप और किलोनी | महाराष्ट्र | कर्नाटक पावर कॉर्पोरेशन लिमिटेड (केपीसीएल) | सरकारी | 1457 |
| 51 | बेलगांव | महाराष्ट्र | सनफ्लैग आयरन एंड स्टील कंपनी लिमिटेड | निजी | 372 |
| 52 | मर्की मंगली III | महाराष्ट्र | बी.एस. इस्पात लिमिटेड | निजी | 85 |
| 53 | मर्की मंगली I | महाराष्ट्र | टोयवर्थ ऊर्जा एंड मेटल्स लिमिटेड | निजी | 694 |
| 54 | तकली-जेना-बेल्लोरा (उत्तर) और तकली-जेना-बेल्लोरा (दक्षिण) | महाराष्ट्र | अरबिंदो रियलिटी एंड इंफ्रास्ट्रक्चर प्राइवेट लिमिटेड | निजी | 936 |
| 55 | गोंडखरी | महाराष्ट्र | अडानी पावर महाराष्ट्र लिमिटेड | निजी | 862 |
| 56 | दुलंगा | ओडिशा | एनटीपीसी माइनिंग लिमिटेड (एनएमएल) | सरकारी | 829 |
| 57-58 | मनोहरपुर और मनोहरपुर डिपसाइड | ओडिशा | ओडिशा कोल एंड पावर लिमिटेड (ओसीपीएल) | सरकारी | 780 |
| 59 | नैनी | ओडिशा | सिंगरेनी कोलियरीज कंपनी लिमिटेड (एससीसीएल) | सरकारी | 913 |
| 60 | तालाबीरा I | ओडिशा | जीएमआर छत्तीसगढ़ एनर्जी लिमिटेड | निजी | 930 |
| 61 और 62 | उत्कल डी एंड ई | ओडिशा | नेशनल एल्युमिनियम कंपनी लिमिटेड (नालको) | सरकारी | 524 |
| 63 | तालाबीरा II और III | ओडिशा | एनएलसी इंडिया लिमिटेड (एनएलसीआईएल) | सरकारी | 1943 |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 64 | जामखानी | ओडिशा | वेदांता लिमिटेड | निजी | 1000 |
| 65 | उत्कल ए | ओडिशा | महानदी कोलफील्ड्स लिमिटेड (एमसीएल) | सरकारी | 1112 |
| 66 | उत्कल बी1 | ओडिशा | जिंदल स्टील एंड पावर लिमिटेड | निजी | 270 |
| 67 | उत्कल सी | ओडिशा | जिंदल स्टील एंड पावर लिमिटेड | निजी | 753 |
| 68 | तदीचेर्ला-I | तेलंगाना | तेलंगाना स्टेट पावर जनरेशन कॉर्पोरेशन लिमिटेड (टीएसपीजीसीएल) | सरकारी | 930 |
| 69 | बरजोरा | पश्चिम बंगाल | पश्चिम बंगाल पावर डेवलपमेंट कारपोरेशन लिमिटेड (डब्ल्यूबीपीडीसीएल) | सरकारी | 85 |
| 70 | बरजोरा (उत्तर) | पश्चिम बंगाल | पश्चिम बंगाल पावर डेवलपमेंट कारपोरेशन लिमिटेड (डब्ल्यूबीपीडीसीएल) | सरकारी | 928 |
| 71-72 | गंगारामचक, गंगारामचक भदुलिया | पश्चिम बंगाल | पश्चिम बंगाल पावर डेवलपमेंट कारपोरेशन लिमिटेड (डब्ल्यूबीपीडीसीएल) | सरकारी | 187 |
| 73 | सरिसाटोली | पश्चिम बंगाल | सीईएससी लिमिटेड | निजी | 660 |
| 74-75 | तारा पूर्व और पश्चिम | पश्चिम बंगाल | पश्चिम बंगाल पावर डेवलपमेंट कारपोरेशन लिमिटेड (डब्ल्यूबीपीडीसीएल) | सरकारी | 937 |
| 76 | ट्रांस दामोदर | पश्चिम बंगाल | दुर्गापुर परियोजनाएं लिमिटेड (डीपीएल) | सरकारी | 379 |
| 77 | नामचिक नामफुक | अरुणाचल प्रदेश | कोल पल्ज़ प्राइवेट लिमिटेड | निजी | 134 |

अनुबंध II

**वित्त वर्ष 2024-25 में कोयला उत्पादन और कोयला उत्पादक खानों से प्राप्त राजस्व**

| क्र.सं. | कोयला खान | राज्य | आवंटिती | कोयला उत्पादन (मिलियन टन) | मासिक भुगतान से सृजित राजस्व (रू. करोड़ में) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | चोटिया | छत्तीसगढ़ | निजी | 0.41 | 206.07 |
| 2 | गारे पाल्मा IV/4 | छत्तीसगढ़ | निजी | 0.31 | 133.78 |
| 3 और 4 | परसा पूर्व और कांता बेसिन | छत्तीसगढ़ | सरकारी | 16.03 | 216.59 |
| 5 | अमेलिया नॉर्थ | मध्य प्रदेश | निजी | 3.92 | 376.42 |
| 6 | सियालघोगरी | मध्य प्रदेश | निजी | 0.30 | 61.77 |
| 7 | बेलगांव | महाराष्ट्र | निजी | 0.12 | 29.8 |
| 8 | मार्की मांगी I | महाराष्ट्र | निजी | 0 | 0 |
| 9 | तालाबीरा I | ओडिशा | निजी | 0 | 0 |
| 10 | सरिसाटोली | पश्चिम बंगाल | निजी | 1.39 | 63.83 |
| 11 | कठौतिया | झारखंड | निजी | 0 | 0 |
| 12 | बरजोरा | पश्चिम बंगाल | सरकारी | 0 | 3.32 |
| 13 | तदीचेर्ला-I | तेलंगाना | सरकारी | 2.5 | 0 |
| 14 | गारे पाल्मा IV/8 | छत्तीसगढ़ | निजी | 0.55 | 174.52 |
| 15 | दुलंगा | ओडिशा | सरकारी | 7 | 116.30 |
| 16 | बरजोरा उत्तर | पश्चिम बंगाल | सरकारी | 0.76 | 17.48 |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 17 | तलाईपल्ली | छत्तीसगढ़ | सरकारी | 10.98 | 152.96 |
| 18 और 19 | चट्टी बरियातु और चट्टी बरियातु दक्षिण | झारखंड | सरकारी | 4.56 | 71.42 |
| 20 | गारे पाल्मा सेक्टर III | छत्तीसगढ़ | सरकारी | 4 | 52.87 |
| 21 | तालाबीरा-II और II | ओडिशा | सरकारी | 17.20 | 233.52 |
| 22 | बिचारपुर | मध्य प्रदेश | निजी | 0.12 | 74.88 |
| 23 | पचवारा नॉर्थ | झारखंड | सरकारी | 14.80 | 222.76 |
| 24 और 25 | मनोहरपुर और डिपसाइड मनफारपुर | ओडिशा | सरकारी | 12.06 | 178.63 |
| 26 | ट्रांस दामोदर | पश्चिम बंगाल | सरकारी | 0.51 | 6.12 |
| 27 और 28 | गंगारामचक और भदुलिया | पश्चिम बंगाल | सरकारी | 1.60 | 30.71 |
| 29 | मर्की मंगी III | महाराष्ट्र | निजी | 0 | 0 |
| 30-35 | बारंज I से IV, किलोनी और मनोरादीप | महाराष्ट्र | सरकारी | 3.5 | 47.5 |
| 36 | सुलियारी | मध्य प्रदेश | सरकारी | 5.81 | 197.99 |
| 37 | गारे पाल्मा IV/ 7 | छत्तीसगढ़ | निजी | 1.72 | 133.74 |
| 38 | गारे पाल्मा IV /1 | छत्तीसगढ़ | निजी | 7.20 | 202.03 |
| 39 | पचवारा सेंट्रल | झारखंड | सरकारी | 7.06 | 89.3 |
| 40 | अमेलिया | मध्य प्रदेश | सरकारी | 3.78 | 44.81 |
| 41 | जामखानी | ओडिशा | निजी | 2.08 | 447.44 |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 42 और 43 | गोटितोरिया पूर्व एवं पश्चिम | मध्य प्रदेश | निजी | 0.25 | 25.15 |
| 44 | गारे पाल्मा IV/6 | छत्तीसगढ़ | निजी | 4 | 240.88 |
| 45 | उत्कल सी | ओडिशा | निजी | 3.36 | 82.72 |
| 46 और 47 | गारे पाल्मा IV/2 और IV/3 | छत्तीसगढ़ | निजी | 6.24 | 113.02 |
| 48 | तकली जेना बेल्लेरा | महाराष्ट्र | निजी | 0.73 | 14.12 |
| 49 | ट्यूब्ड | झारखंड | सरकारी | 4.13 | 53.08 |
| 50 और 51 | उत्कल डी एंड ई | ओडिशा | सरकारी | 2.84 | 28.17 |
| 52 | केरनदारी | झारखंड | सरकारी | 2.04 | 32.00 |
| 53 और 54 | तारा ईस्ट एंड वेस्ट | पश्चिम बंगाल | सरकारी | 0.80 | 8.33 |
| 55 | परसा | छत्तीसगढ़ | सरकारी | 0.29 | 0 |
| 56 | भास्करपारा | छत्तीसगढ़ | निजी | 0.08 | 18 |
| 57 | राजहरा नार्थ (पूर्वी और मध्य) | झारखंड | निजी | 0.01 | 0 |
| 58 और 59 | मोहर और मोहर अमलोहरी | मध्य प्रदेश | निजी | 18.12 | 0 |
| 60 | तसरा | झारखंड | सरकारी | 0.43 | 0 |
| 61 | पकरी बरवाडीह | झारखंड | सरकारी | 17.38 | 0 |
| 62 | नैनी | ओडिशा | सरकारी | 0 | 0 |
| 63 और 64 | कोत्रे बसंतपुर एंड पचमो | झारखंड | सरकारी | 0 | 0 |